अमर उजाला

पंख व प्रज्ञान छात्रों के सपने को देंगे उड़ान

वाराणसी ब्यूरो

Updated Wed, 07 Sep 2022 12:21 AM IST

https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sonebhadra/pankh-and-pragyan-will-give-flight-to-the-dreams-of-students-sonbhadra-news-vns672899143

सोनभद्र। जिले के छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए अब उचित मार्गदर्शन मिलेगा। इसके लिए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंख पोर्टल लांच किया। पंख छात्रों के कॅरिअर गाइडेंस के लिए कार्य करेगा। इससे माध्यमिक स्कूलों के छात्र कॉलेज, छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम, इंटर्नशिप और शिक्षा के विषय में उपलब्ध विकल्पों से संबंधित बेहतर सलाह ले सकेंगे। वहीं प्रज्ञान ई लाइब्रेरी पोर्टल भी लांच किया गया है। इसके जरिए ई-पुस्तकों के विशाल संग्रह के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, उद्यमिता व स्टार्टअप, एनआईसी ई-ग्रंथालय एवं उप्र लाइब्रेरी नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

जिले के ऐसे माध्यमिक स्कूल जो यूपी बोर्ड के अधीन संचालित होते हैं, यहां कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों को पंख पोर्टल से भविष्य की राह मिलेगी। उनकी रुचि के अनुरूप करियर की राह माध्यमिक शिक्षा विभाग का पंख पोर्टल दिखाएगा। शासन स्तर से सोमवार केेे इसे लांच कर दिया गया है। छात्रों को अब करियर काउंसिलिंग की सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल के जरिए छात्र अपने करियर को लेकर शंकाओं का समाधान करा सकेंगे। अधिकांश छात्रों के साथ ऐसा होता है कि वे इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने करियर के चयन के लिए भटकाव की स्थिति में होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अधिक कठिनाई होती है। अब छात्रों को उनकी

रुचि के अनुरूप करियर की राह माध्यमिक शिक्षा विभाग का पंख पोर्टल दिखाएगा। इसके लिए प्रधानाचार्य बच्चों को पंख पोर्टल का लाभ के बारे में जागरूक करेंगे।

पंख छात्रों के कॅरिअर गाइडेंस के लिए कार्य करेगा। इससे माध्यमिक स्कूलों के छात्र कॉलेज, छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम, इंटर्नशिप और शिक्षा के विषय में उपलब्ध विकल्पों से संबंधित बेहतर सलाह ले सकेंगे। वहीं प्रज्ञान ई लाइब्रेरी पोर्टल भी लांच किया गया है। इसके जरिए ई-पुस्तकों के विशाल संग्रह के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, उद्यमिता व स्टार्टअप, एनआईसी ई-ग्रन्थालय एवं उप्र लाइब्रेरी नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

तीन अन्य पोर्टल भी होंगे मददगार

शासन की ओर से पंख व प्रज्ञान के साथ ही तीन अन्य पोर्टल पहुंच, परख और पहचान को लांच किया गया है। 'पहुंच' पोर्टल से कक्षा नौ से 12 तक के स्कूलों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सकेगा। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में स्कूल खुलने की संभावना बढ़ेगी। इससे सभी स्कूलों की मैपिंग होगी। इससे माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की व्यवस्था और अधिक पारदर्शी होगी। परख पोर्टल के माध्यम से किस राजकीय स्कूल में कौन से संसाधन मौजूद हैं। वह पोर्टल पर दिखेगा। इससे शिक्षण कार्य की प्रगति, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति व भौतिक संसाधनों की उपलब्धता का ऑनलाइन मॉनिटरिंग व राजकीय विद्यालयों की ग्रेडिंग होगी। पहचान पोर्टल पर यूपी बोर्ड के स्ववित्त पोषित मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त व राजकीय स्कूलों की जानकारी के लिए हर स्कूल का वेब पेज बनाया गया है। इस पर स्कूल में छात्रों का पंजीकरण, स्टाफ का जरूरी विवरण, सुविधाएं, विविध क्षेत्रों में प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम व कोई विशिष्ट उपलब्धि सहित अन्य जानकारी अपडेट होती रहेगी।

इन पोर्टलों की मदद से बेहतर शिक्षा में छात्रों को लाभ मिलेगी। उन्हें जरूरी जानकारी

उपलब्ध होगी। इनका स्कूलों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। जिससे छात्र को इसका पूूरा लाभ मिले। - राजेंद्र यादव, डीआईओएस।